संख्या-291/2023/।।/395711/2023/004-23-11099(099)/91/2023

प्रेषक,

राज कुमार,
उप सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

प्रमुख अभियन्ता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष,
लोक निर्माण विभाग,
उ0प्र0 लखनऊ।

लोक निर्माण अनुभाग-11 **लखनऊ : दिनांक 26/09/2023**

विषय:- वित्तीय वर्ष 2023-24 में रेल उपरिगामी सेतु निर्माण के चालू कार्यो पर धनावंटन के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक मुख्य अभियन्ता (सेतु), लोक निर्माण विभाग लखनऊ के पत्र संख्या-6200/CE-SEB/ROB/AGR/2023-24, दिनांक 22-09-2023, पत्र संख्या-6201/CE-SEB/ROB/PRJ/2023-24, दिनांक 22-09-2023, पत्र संख्या-6202/CE-SEB/ROB/BAR/2023-24, दिनांक 22-09-2023, पत्र संख्या-6203/CE-SEB/ROB/GKP/2023-24, दिनांक 22-09-2023, पत्र संख्या-6208/CE-SEB/ROB/KNP/2023-24, दिनांक 22-09-2023, पत्र संख्या-6211/CE-SEB/ROB/VNS/2023-24, दिनांक 22-09-2023, पत्र संख्या-6213/CE-SEB/ROB/MRT/2023-24, दिनांक 22-09-2023 एवं पत्र संख्या-6215/CE-SEB/ROB/SAH/2023-24, दिनांक 22-09-2023 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि रेल उपरिगामी सेतु निर्माण के अधोलिखित तालिका में अंकित 12 चालू कार्यो पर वित्तीय वर्ष 2023-24 में कुल रू0 14160.61 लाख (रू0 एक अरब इकतालिस करोड़ साठ लाख इकसठ हजार मात्र) की धनराशि निम्नलिखित विवरण/शर्तो सहित अवमुक्त किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है:-

(धनराशि रूपये लाख में)

क्र0 सं0	कार्य का नाम	स्वीकृत लागत	सेतु अंश/ बचत / प्रावैधिक अथवा बचत उपरान्त की लागत	अब तक आवंटन	अवमुक्त धनराशि		
					अनु0 सं0-57	अनु0 सं0-83	योग
1	जनपद फिरोजाबाद में आसफाबाद चौराहा से फतेहाबाद मार्ग पर कानपुर टूण्डला रेल सेक्शन के रेलवे कि0मी0 1228/25-27 के रेल सम्पार सं0-62 पर 02 लेन रेल उपरिगामी सेतु का निर्माण।	4958.98	4033.03 Nil 4033.03	3831.38	158.88	42.77	201.65
2	जनपद प्रयागराज में उत्तर मध्य रेलवे के अन्तर्गत मुगलसराय-इलाहाबाद रेल सेक्शन (डी0एफ0सी0सी0 रूट) के कि0मी0 775/13-15 के ग्राम दिघिया के समीप मिर्जापुर-सिरसा मार्ग के मध्य सम्पार सं0-20सी पर दो लेन रेल उपरिगामी सेतु का निर्माण।	4179.69	2468.55 47.31 2421.24	2300.18	95.38	25.68	121.06
3	जनपद प्रयागराज में उत्तर मध्य रेलवे के अन्तर्गत मुगलसराय-इलाहाबाद सेक्शन (डी0एफ0सी0सी0 रूट) पर स्थित रेल सम्पार सं0-29बी (करछना-भीरपुर मार्ग पर स्थित) पर दो लेन रेल उपरिगामी सेतु का निर्माण।	3779.89	2071.86 65.24 2006.62	1968.27	30.22	8.13	38.35
4	जनपद शाहजहांपुर में विकास खण्ड तिलहर के अन्तर्गत लखनऊ-दिल्ली-मुरादाबाद रेल मार्ग पर निगोही-तिलहर के मध्य रेलवे सम्पार सं0-334बी के स्थान पर 02 लेन रेल उपरिगामी सेतु का निर्माण।	3434.82	2535.00 Nil 2524.67	633.75	893.10	240.42	1133.52
5	जनपद गोरखपुर में चौरीचौरा-चमड़ा मण्डी-मुण्डेरा बाजार-सोनबरसा मार्ग पर स्थित सम्पार सं0-147बी पर 02 लेन रेल उपरिगामी सेतु का निर्माण।	5944.18	4921.83 Nil 4548.82	2381.18	1528.68	411.52	1940.20

http://shasanadesh.up.nic.in

6	जनपद कानपुर देहात में उत्तर मध्य रेलवे के झांसी-कानपुर रेल खण्ड के कि0मी0 1285/8-9 पर रेल सम्पार संख्या-202ए (पुखरायां रेलवे स्टेशन के निकट) पर 02 लेन रेल उपरिगामी सेतु का निर्माण।	5738.32	4706.10 Nil 3842.17	1505.51	1022.70	275.31	1298.01
7	जनपद जौनपुर में जफराबाद-सुल्तानपुर-लखनऊ रेल सेक्शन के कि0मी0 830/9-10 जौनपुर (सिटी यार्ड) उत्तर रेलवे के सम्पार संख्या-09बी पर रा0मा0सं0-231 के कि0मी0 169.10 पर 04 लेन रेल उपरिगामी सेतु का निर्माण।	9222.84	6146.02 Nil 6268.20	1567.00	2222.46	598.28	2820.74
8	जनपद वाराणसी में वाराणसी-सिटी-सारनाथ रेलवे स्टेशन के मध्य पूर्वोत्तर रेलवे के सम्पार सं0-23ए पर प्रस्तावित दो लेन (7.50 मीटर) रेल उपरिगामी सेतु का निर्माण।	14452.56	13984.56 Nil 13984.56	12533.85	592.09	159.39	751.48
9	जनपद वाराणसी में बाबतपुर-चौबेपुर मार्ग के पूर्वोत्तर रेलवे के कादीपुर रेलवे स्टेशन के पास सम्पार सं0-12सी पर 02 लेन रेल उपरिगामी सेतु का निर्माण।	5138.59	3316.52 217.62 3098.90	829.13	1055.86	284.24	1340.10
10	जनपद वाराणसी में वाराणसी-प्रयागराज रेल खण्ड पर हरदत्तपुर-राजातालाब के मध्य सम्पार संख्या-10ए/स्पेशल कि0मी0 219/8-9 में मोहनसराय-अदलपुरा मार्ग पर 02 लेन रेल उपरिगामी सेतु का निर्माण।	4222.00	3284.27 45.57 3238.70	821.07	1139.32	306.70	1446.02
11	जनपद मेरठ में गाजियाबाद-सहारनपुर रेल सेक्शन के मोदीननगर-मोहिउद्दीनपुर रेलवे सेक्शन के मध्य स्थित सम्पार सं0-19 कि0मी0 55/8-9 (मोहिउद्दीनपुर-खरखौंदा सड़क मार्ग) पर 02 लेन रेल उपरिगामी सेतु का निर्माण।	5010.84	2967.96 397.46 2570.50	741.99	833.09	224.27	1057.36
12	जनपद सहारनपुर में सहारनपुर-अम्बाला रेल सेक्शन के सम्पार सं0-96सी कि0मी0 200/16-18 निकट शाहजहांपुर पर 02 लेन रेल उपरिगामी सेतु का निर्माण।	6966.84	4550.11 50.62 4499.49	1137.52	1585.35	426.77	2012.12
	योग:-				**11157.13**	**3003.48**	**14160.61**

नियम व शर्तो/प्रतिबन्धों

(1) प्रश्नगत चालू कार्यो हेतु आवंटित धनराशि का व्यय/उपयोग वित्त विभाग द्वारा निर्गत आदेशों/ज्ञापों में उल्लिखित शर्तो के अनुसार बजट मैनुअल एवं वित्तीय हस्त पुस्तिका के नियमों, स्थाई आदेशों आदि का अक्षरश: अनुपालन सुनिश्चित करते हुए किया जायेगा तथा किसी भी दशा में प्रश्नगत कार्यो हेतु आवंटित धनराशि का उपयोग किसी अन्य मद में नहीं किया जायेगा।

(2) प्रश्नगत कार्यो हेतु आवंटित धनराशि का उपयोगिता प्रमाण-पत्र/कार्यो के सपंरिक्षित लेखा निर्धारित समयावधि में कार्यालय महालेखाकार, उ0प्र0, प्रयागराज एवं शासन को उपलब्ध करा दिया जाय।

(3) अवमुक्त की जा रही धनराशि के व्यय से पूर्व उपरोक्त परियोजनाओं के सम्बन्ध में प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति विषयक मूल शासनादेश की समस्त शर्तो का अक्षरश: अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(4) लोक निर्माण विभाग में सी0सी0एल0 प्रणाली समाप्त किए जाने के फलस्वरूप वर्क्स से सम्बन्धित बजट के ऑन लाइन आवंटन किए जाने हेतु डी0डी0ओ0 कोड आवंटन विषयक वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के शासनादेश संख्या-10/2022/बी-1-345/दस-2022, दिनांक 04-05-2022 तथा कार्यमदों के व्यय को सी0सी0एल0 प्रणाली से मुक्त रखते हुए सामान्य कोषागार प्रणाली से आच्छादित किए जाने के सम्बन्ध में वित्त (लेखा) अनुभाग-2 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-3/2022/ए-2-76/दस-2022-10(9)/95, दिनांक 13-04-2022 में निहित व्यवस्था/शर्तो का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(5) अवमुक्त की जा रही धनराशि का व्यय किए जाने से पूर्व वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या-2/2023/बी-1-227/दस-2023-231/2023, दिनांक-17 मार्च, 2023 एवं संशोधन विषयक कार्यालय ज्ञाप संख्या-10/2023/बी-1-602/दस-2023-231/2023, दिनांक 19 सितम्बर, 2023 में निहित निर्देशों का अक्षरश: अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

2- इस संबंध में होने वाला व्यय (1) रुपये 1,11,57,13,000(रूपये एक अरब ग्यारह करोड़ सत्तावन लाख तेरह हजार मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 20232024 के आय-व्ययक मे अनुदान संख्या 057 लेखा

http://shasanadesh.up

शीर्षक 5054041010516 रेल उपरिगामी/अधोगामी सेतुओं के निर्माण के चालू कार्यों हेतु व्यवस्था मानक मद 24 वृहत् निर्माण कार्य (2) रुपये 30,03,48,000(रूपये तीस करोड़ तीन लाख अड़तालिस हजार मात्र) चालू वित्तीय वर्ष 20232024 के आय-व्ययक मे अनुदान संख्या 083 लेखा शीर्षक 5054047891500 रेलवे उपरिगामी/अधोगामी सेतुओ का निर्माण (चालू कार्य) मानक मद 24 वृहत् निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-2/2023/बी-1-227/दस-2023-231/2023, दिनांक-17-03-2023 में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधानित अधिकार के अंतर्गत निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

(राज कुमार)
उप सचिव।

<u>संख्या व दिनांक तदैव।</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- निजी सचिव, मा0 मंत्री जी, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 शासन।
2- निजी सचिव, मा0 राज्यमंत्री जी, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 शासन।
3- महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज।
4- महालेखाकार (लेखा-परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज।
5- सम्बन्धित मण्डलायुक्त/जिलाधिकारी।
6- मुख्य अभियन्ता (सेतु), लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।
7- वित्त नियंत्रक, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।
8- प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 राज्य सेतु निगम लि0, लखनऊ।
9- सम्बन्धित मुख्य अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग।
10- मुख्य कोषाधिकारी, आदर्श कोषागार, कलेक्ट्रेट, लखनऊ।
11- सम्बन्धित मुख्य/वरिष्ठ कोषाधिकारी/कोषाधिकारी।
12- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनु0-8/वित्त (आय-व्ययक) अनु0-1, उ0प्र0 शासन।
13- राज्य योजना आयोग-1/2, उ0प्र0 शासन।
14- अधीक्षण अभियन्ता, नियोजन/परियोजना, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।
15- लोक निर्माण अनुभाग-1/9/10/12 एवं 14, उ0प्र0 शासन।
16- नोडल अधिकारी (आनलाईन बजट एलॉटमेन्ट सिस्टम), लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 शासन।
17- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(राज कुमार)
उप सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in